# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 9 मार्च, 2016/19 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 13

----

**करूणामूलक आधार पर रोजगार**

1200 **श्री हंस राज(चुराह) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष में प्रदेश में करूणामूलक आधार पर कितने लोगों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा विभागवार दें;

(ख) सरकार ने करूणामूलक आधार पर रोजगार देने के लिए क्या मापदण्ड एवं नियम बनाए हैं और क्या आय में पेंशन भी जोड़ी जाती है; ब्यौरा दें; और

(ग) हाल ही में करुणामूलक आधार पर रोजगार के सम्बन्ध में प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा कोई निर्णय दिया गया है; यदि हां, तो उस निर्णय पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा निर्णय की प्रति सहित सभा पटल पर रखे ?

----

## तीसा पुस्तकालय

1201 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तीसा में सरकारी पुस्तकालय कार्यरत है;

(ख) यदि हां, तो इसमें कितने कर्मचारी तैनात हैं और प्रतिदिन कितने लोग अध्ययन करने आते हैं; और

(ग) सरकार क्या जनहित में इस पुस्तकालय हेतु नई पुस्तकें खरीदने का विचार रखती है?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

1202 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सभी सरकारी पाठशालाओं में (प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं) सभी विषयों के अध्यापकों के पद स्वीकृत हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो सरकार कब तक नये अध्यापकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## पुलिस भर्ती

1203 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में सरकार द्वारा 1500 पुलिस कांस्टेबलों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती करने की अधिसूचना जारी की गई;

(ख) यदि हां, तो इनका अनुबन्ध कितने समय का होगा; ब्यौरा दें; और

(ग) इन कांस्टेबलों का मासिक वेतन कितना होगा; ब्यौरा दें?

----

## खम्भों को बदलना

1204 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बिजली के कितने गले-सड़े खम्भे हैं; और

(ख) इनमें से कितने खम्भों को बदला गया और कितने बदलने शेष हैं; विवरण दें ?

----

## पार्वती जल विद्युत परियोजना

1205 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला कुल्लू में एन0एच0पी0सी0लि0 द्वारा निर्माणाधीन पार्वती जल विद्युत परियोजना स्टेज I, II व III का निर्माण कब-कब शुरू हुआ व उस समय अनुमानित लागत कितनी-कितनी थी; ब्यौरा परियोजनावार दें;

(ख) दिनांक 31.1.2016 तक इन पर कितना-कितना व्यय किया गया व इनमें से कौन-कौन सी परियोजना पूर्ण हो चुकी है और अन्य का कितना प्रतिशत कार्य शेष है; ब्यौरा परियोजनावार दें;

(ग) इनके निर्माण के लिए सरकार और एन0एच0पी0सी0लि0 के मध्य हुए समझौता ज्ञापन की प्रतियां सभा पटल पर रखें;

(घ) इस समझौता ज्ञापन में परियोजना प्रभावितों व विस्थापितों हेतु क्या नीति थी और उस नीति के अधीन कितने लोगों को रोज़गार दिया गया; ब्यौरा लोगों के नाम, पते व कर्मचारियों की संख्या सहित दें; और

(ङ) समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होने के उपरांत इसमें कोई बदलाव किया गया; यदि हां, तो उन बदलावों की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

1206 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रदेश सरकार को किन-किन शर्तों तथा किस अनुपात में धनराशि उपलब्ध करवाती है; ब्यौरा दें; और

(ख) विशेष श्रेणी राज्य होने के कारण क्या प्रदेश को कोई विशेष अनुदान प्राप्त होता है; ब्यौरा दें ?

----

## लीज पर सम्पत्तियां

1207 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने पर्यटन निगम की घाटे में चल रही विभिन्न इकाइयों को निजी क्षेत्र की पार्टियों को लीज पर दिया है;

(ख) यदि हां, तो ये इकाइयां किन-किन शर्तों पर लीज पर दी गई; ब्यौरा इकाइयों का लीज मनी सहित सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह इकाइयां लीज पर दिये जाने के समय कितने-कितने घाटे में चल रही थी; ब्यौरा इकाईवार दें?

----

## बस सेवा

1208 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कौन-कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनको उप मण्डलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा निरीक्षणोपरान्त फिटनेस प्रमाण-पत्र दे दिया गया है परन्तु इन सड़कों पर बसें नही चलाई गई है; ब्यौरा कारण सहित जिलावार दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में कौन-कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिन पर पहले बस सर्विस चलती थी परन्तु अब सस्पेंड कर दी गई है; कब तक पुनः बहाल कर दी जाएंगी; ब्यौरा जिलाशः दें?

----

## चोरी के मामले

1209 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष में प्रदेश में विभिन्न सड़कों पर लगाये गये टक्कर अवरोध (Crash Barrier) की चोरी के कितने मामले विशेषकर मण्डी, कुल्लू राष्ट्रीय उच्च मार्ग एवं भून्तर-मनीकरण सड़क पर विभाग के पास दर्ज हुए;

(ख) कितने मामलों में प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) चोरी हुए टक्कर अवरोध (Crash Barrier) की कितनी कीमत थी और कितने मामलों में चोरी पकड़ी गई और कितनों की छानबीन जारी है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण हेतु धनराशि

1210 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा स्कूल भवनों के निर्माण हेतु धनराशि स्थान की भौगोलिक स्थिति तथा भूमि की उपलब्धता को ध्यान में न रखकर राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपलब्ध करवायी जाती है;

(ख) यह भी सत्य है कि साईट डिवेल्पमैन्ट के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध न होने के कारण अनेक स्थानों पर भवनों का निर्माण कार्य नहीं हो रहा है; और

(ग) यदि (क) तथा (ख) का उत्तर 'हां' में है तो क्या सरकार भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नीति बनाने पर विचार करेगी; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डे का निर्माण

1211 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बस स्टैंड बैजनाथ का निर्माण कार्य कब तक शुरू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

1212 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि तीन वर्ष पूर्व भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विकास खण्ड भटियात द्वारा जियुन्ता पंचायत के गांव कुन्ना सकरेरा नाला में पैदल पुल बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत की गई थी; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 20 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**